तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

12 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल टटेंगा में बनी पोषण वाटिका



11 मैसूर में आयोजित आध्यात्मिक शिविर ...





## खबर संक्षेप

### खपरी ब में मड़ई मेला 11 को

गुण्डरदेही। खपरी ब में 11 जनवरी रविवार को ग्राम मे मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणो के मनोरंजन के लिए गोपाल बालाराम नाचा पाटएँ का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम विकास समिति के सदस्य कमलनारायण साहू ने बताया कि मड़ाई में दुकानदार निःशुल्क दुकान लगा सकते है दुकानदार से किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जाएगा।

### डारागांव-बड़गांव में कबड्डी स्पर्धा 10 को

डौंडीलोहारा। नव युवक कबड्डी क्लब एवं समस्त ग्रामवासी डारागॉव, बड़गांव के द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 10 जनवरी दिन शनिवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, प्रवेश शुल्क 301 रुपए प्रति टीम रखा गया है कबड्डी का यह शानदार चतुर्थ वर्ष है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 7001रू, द्वितीय पुरस्कार 5001 रु, तृतीय पुरस्कार 3001 रू तथा चतुर्थ पुरुस्कार 1001रू रखा गया है। कबड्डी क्लब एवं ग्राम वासियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### हिन्दू शौर्य दिवस पर करहीभदर में होगा विशाल हिन्दू सम्मेलन

बालोद। हिन्दू शौर्य दिवस के अवसर पर सर्व हिन्दू समाज बालोद खण्ड द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन पुराना पंचायत कलामंच करहीभदर में 10 जनवरी को किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि संतगुरू कबीर आश्रम करहीभद सुशांत साहेब होंगे। विशिष्ट अतिथि गौ माता सेवक विजय अग्रवाल होंगे। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक भागीरथ यादव व मातृशक्ति वक्ता में विश्व हिन्दू परिशद् बालोद मातृशक्ति वक्ता पूजा जैन होंगीं। जिसमें ग्राम करहीभदर, सांकरा, बी जामगांव, चिरईगोड़ी, हथौद, बरही, कांड़े, कन्नेवाड़ा, करकाभाट, परेंगुड़ा, दर्रीटोला सहित बालोद खण्ड के ग्राम के ग्रामीण सम्मिलित होंगे।

### कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह 14 को

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नववर्ष के अवसर पर एक विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 जनवरी को कुथरेल स्थित चंद्रकार भवन में संपन्न होगा। इस नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। इसके पश्चात आपसी संवाद, संगठनात्मक चर्चा एवं नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। दोपहर 1 बजे भोजन व्यवस्था रखी गई है, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन के माध्यम से कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक एवं आमंत्रक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष श्री प्रदीप चंद्राकर हैं, जिन्होंने क्षेत्र के सभी सम्मानित कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### पोस्ट ऑफिस की पार्किंग से बाइक की चोरी

दुर्ग। हेड पोस्ट ऑफिस दुर्ग के पार्किंग से डाकिया की बाइक चोरी हो गई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार पोस्ट मैन देवेन्द्र साहू उम्र 35 साल ने पुलिस को बताया कि 7को वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एलडब्लू 7103 को सुबह करीब 9 बजे हेड पोस्ट आफिस दुर्ग के वाहन पार्किंग में लॉक कर पोस्ट ऑफिस के अंदर काम पर चले गए थे।







**आयोजन**

**राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आव्हान किया**

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भव्य शुभारंभ युवाओं में भाईचारा और कौशल का उत्सव

## देश के 33 राज्यों के रोवर-रेंजर पांच दिवसीय जंबूरी में सीखेंगे साहस, नेतृत्व और सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जंबूरी केवल एक शिविर ही नहीं बल्कि एकता, विविधता, भाईचारा और साझा उद्देश्यों का उत्सव है। जंबूरी एक जीवंत शिक्षालय है, जहां विभिन्न राज्यों, भाषाओं और परम्परा से आए युवा एक परिवार के रूप में एकत्रित होते है। वास्तव में जंबूरी भारत शास्वत अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम संपूर्ण विश्व एक परिवार का सजीव उदाहरण है। राज्यपाल डेका ग्राम दुधली में भारत स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

राज्यपाल रमेन डेका एवं अतिथियों द्वारा ग्राम दुधली में आज प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, भारत स्काउट्स गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ केके खण्डेलवाल, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयक्त राकेश यादव सहित अन्य अतिथियों के अलावा राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर–रेंजर उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल डेका एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं आसमान में गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा जंबूरी पत्रिका एवं नए बैज का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मेजबान छत्तीसगढ़ के रोवर रेंजरों के पारंपरिक एवं सुआ गीत तथा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सुमधुर एवं नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। डेका ने जंबूरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जंबूरी के शिविर में प्रतिभागी युवा–युवती कला, साहसिक गतिविधियां, लोककलाएं, नेतृत्व मंच और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के माध्यम से केवल कौशल ही नहीं अपितु सहानुभूति सहयोग और पारस्परिक सम्मान भी सीख उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों का सहज, सरल स्वभाव हम सभी के दिलों को छूता है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण प्रकृति के खूबसूरत वादियों के बीच स्थित हमारा छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्र एवं राज्य के अथक प्रयासों से नक्सल मुक्त होने वाला है।





**ये रहे उपस्थित** आज आयोजित समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, सचिव शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

### अनिल जैन ने डाला जंबूरी के महत्व पर प्रकाश

अध्यक्षता करते हुए अनिल जैन ने जंबूरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्काउट–गाइड आंदोलन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव और सांस्कृतिक एकता विकसित करता है, जो जीवन भर उनकी पहचान बनती है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि स्काउट गाइड हमें विपरित परिस्थितियों में जीने का कला सीखाती है। इस जंबूरी के माध्यम से हमारे रोवर रेंजर टेंट में रहकर एवं सामान्य दिनचर्या के माध्यम से विपरित परिस्थितियों में जीवन निर्वाह करने की बेहतरीन तरकीब हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि जंबूरी मात्र लोगों का जमावड़ा भर नहीं है। जंबूरी में हमारे युवा–युवती आपसी भाईचारा, अनुशासन, प्रेम सौहार्द्र एवं सामाजिक सद्भावना के साथ–साथ जंबूरी हमारे नवयुवकों में निहित प्रतिभा का प्रदर्शन के लिए भी बेहतरीन मंच प्रदान करता है।

### प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की दी सीख

मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल ने जंबूरी में शामिल युवा–युवतियों को जीवन में आने वाले उतार–चढ़ाव का सामना करते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की सीख भी दी। राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत खालसा ने आज के इस कार्यक्रम में बहुमूल्य उपस्थिति के लिए राज्यपाल रमेन डेका एवं अतिथियों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। विभिन्न राज्यों से उपस्थित रोवर एवं रेंजरों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट कर राज्यपाल डेका एवं अतिथियों को सलामी दी गई। उल्लेखनीय है कि इस 5 दिवसीय ▶▶| शेष पेज 11 पर



दूधली में 'प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी' का भव्य आयोजन

बालोद। जिले के ग्राम दूधली में 09 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित 'प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी' का भव्य आयोजन के माध्यम से पूरे देश एवं प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले में भी भारतीय स्काउटिंग के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह भारत के इतिहास में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का पहला आयोजन है, जिसकी मेजबानी का गौरव छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिले को प्राप्त हुआ है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में देशभर के विभिन्न राज्यों, रेलवे, केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय संगठन से लगभग 11,696 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य से सर्वाधिक 4,252 रोवर–रेंजर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। स्टाफ अधिकारियों और विदेशी प्रतिभागियों सहित 14 हजार से अधिक लोग इस ऐतिहासिक मिलन का हिस्सा बनेंगे। ज्ञातव्य हो कि अब तक केवल स्काउट–गाइड जंबूरी का ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दूसरे दिन आयोजित विशेष कार्यक्रम, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे शामिल

बालोद। जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के अंतर्गत शनिवार 10 जनवरी को आयोजित द्वितीय दिवस समारोह में आवास एवं शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में लोककलाकार डोमर सिंह कंवर, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन, भारत स्काउट जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पंचायत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बालोद में रकबा समर्पण में कमी धान खरीदी प्रक्रिया पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रशासन लगातार रकबा समर्पण को लेकर क्रियाशील है, लेकिन जहां पैदावार कम हो रही है, वहां भी नाम मात्र का रकबा समर्पण हो रहा है, इससे बाहर से धान आने, कोचियो का धान लेने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सेवा सहकारी समिति सांकरा क की कार्यशैली जांच के दायरे मे आ सकती है, क्योकि यहां अब तक मात्र 24.67 हेक्टेयर रकबा का ही समर्पण हुआ है। 775 किसानो ने ही रकबा समर्पण किया है।

> ■ सेवा सहकारी समिति सांकरा क में केवल 24.67 हेक्टेयर का रकबा समर्पित

सेवा सहकारी समिति सांकरा क मे कुल 1571 किसान पंजीकृत है, जिनमे लगभग 64 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है, यहां अब तक 48 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, अर्थात 62 प्रतिशत खरीदी हो चुकी है, लेकिन मात्र 24.67 हे. रकबा समपर्ण ने समिति के कार्यशैली एवं प्रशासन की निगरानी प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा दिया है। सांकरा क मे सम्मिलित ग्रामो की पटवारीयो द्वारा दी गई अनावरी रिपोर्ट में उत्पादन कम बताया जा रहा है। उसके बाद भी जिस तरीके से खरीदी हो रही है। उसने कई सवाल खड़े कर दिए। समिति में सम्मिलित ग्राम कन्नेवाड़ा की अनावरी 19.91 क्विंटल है। करकाभाट की 19.44 क्विंटल, जगतरा की 16.86, जमरूवा की 17.19, जामगांव की 19.74 क्विंटल, दर्रीटोला की 15.72 क्विंटल, सांकरा की 18.84 क्विंटल एवं हथौद की 20.32 क्विंटल अनावरी रिपोर्ट क्षेत्र के पटवारियो द्वारा आंकी गई है। इसकी जानकारी समिति ने खरीदी केन्द्र में चस्पा कर रखी है।

बड़ा सवाल यह है कि जब किसान के पास उत्पादन कम हो रहा है तो वह धान कहां से ला रहा है, चर्चा मे समिति प्रबंधक व प्राधिकृत ने भी स्वीकार किया कि किसान सरकार द्वारा घोषित 20.8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान विक्रय कर रहे है। पूरे मामले मे गहराई से जांच किये जाने की आवश्यकता है जिससे सच्चाई सामने आ सके एवं नियमानुसार ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कोसमी में मड़ई मेला आयोजन 16 को

डौंडीलोहारा। समीपस्थ ग्राम कोसमी में दिनांक 16 जनवरी (शुक्रवार) को पारंपरिक मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी "प्रेम–सुमन" (छुरिया) द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख डेरहा सिंह राजपूत, सेवाराम पिस्दा एवं भोज राम किसान (ग्राम पटेल) ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों ने बताया कि मड़ई मेले के माध्यम से लोकसंस्कृति के संरक्षण एवं ग्रामीण मनोरंजन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त जानकारी महेंद्र सिंह राजपूत ने दी।

# पंचायत भवन में शराबखोरी का आरोप, जेवरतला में मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्रापं जेवरतला में ग्राम पंचायत भवन में कथित तौर पर शराब पीने के मामले में ग्राम में आक्रोश की स्थिति है।

ग्राम प्रमुख ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंच मामले मे बैठक कर रहे है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच डोमेन्द्र कुमार साहू ने पंचायत के एक पंच कर्मचारी व पंचायत के एक जिम्मेदार प्रतिनिधि पर आरोप लगाया कि वे पंचायत भवन में रात्रि में पंचायत कार्यालय मे शराब पी रहे थे। उपसरपंच ने मामले की जानकारी तत्काल ग्राम प्रमुखो एवं अन्य ग्रामीणो को दी। जानकारी के बाद दूसरे दिन ग्राम समिति प्रमुख, सरपंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या मे पंचायत पहुंचे एवं पंचायत पदाधिकारियो से मामले मे जानकारी ली। बताया जा रहा है कि चर्चा के दौरान प्रत्येक आरोपित ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मामले पर कई बयान आए सामने

आरोप लगाने वाले उप सरपंच डोमेन्द्र कुमार साहू ने नामजद जानकारी देते हुए बताया कि जब रात्रि में मै पंचायत को खुला देखा तो वहां गया तब वे सभी पंचायत भवन मे शराब पी रहे थे, मेरे आने पर उन्होने मुझे भी आफर किया। जहां वे सभी बैठे थे वहां शराब की बोतल रखी हुई थी। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विजय साहू ने कहा रात्रि में उपसरपंच मेरे पास आया था एवं बताया कि पंचायत कार्यालय में बैठकर कुछ लोग शराब पी रहे है। मै दूसरे कार्य में व्यस्त था इसलिए नही आया। सरपंच लिलेश्वरी साहू ने कहा ऐसी कोई शिकायत नही मिली है। मेरे जाने के बाद पंचायत भवन में क्या हुआ मै नही जानती। पंचायत सचिव दानीराम साहू ने कहा आरोप गलत बेबुनियाद है, लोग बैठ कर ग्राम मे दूसरे दिन होने वाले कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। पंच हुसैन साहू ने कहा उपसरपंच को कैसे पता कि उन्हे जो ऑफर किया गया उस गिलास मे क्या दिया जा रहा है।

## शोभाराम यात्रा निकाली और पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

**संतों और समाजिक हस्तियों ने साझा किए जीवन और संस्कारों के संदेश**

# कबीरपंथी साहू समाज का प्रदेश स्तरीय वार्षिक अधिवेशन व युवक-युवती परिचय सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ कबीर पंथी साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन व युवक युवती परिचय सम्मेलन गुण्डरदेही में प्रदेश स्तरीय आयोजन 9,10 व 11 जनवरी को साहू सदन के पास शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वजातीय बंधुओ ने नगर मे शोभाराम यात्र निकाली गई तत्पश्चात पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के संत समाज उपस्थित थे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए





पोटियाडीह आश्रम से पहुंचे त्रिलोकी साहेब ने कहा की हम अपने अपने घरो में बच्चों को सभी संस्कार देने के लिए सर्वप्रथम दैनिक संध्या आरती सदगुरू के समीप रोज बैठनें हेतु प्रेरित करे। धर्मधिकारी सुधाकर साहेब ने परहित सरस धर्म नहिं भाई के विषय पर प्रकाश डाला। उन्होने आगे कहा कि सदगुरु कबीर केवल संत नही बल्कि एक विचारधारा है, जिसको सब को अपनाना चाहिए तभी हमारे मानव जीवन होने का सार्थक होगा।

गुरुभूषण साहेब ने कहा कि सबसे पहले स्वयं को सुधारने की आवश्यकता है माता पिता बनने से पहले स्वयं को अच्छा इंसान बनना जरूरी है, काशी से पधारे विभा माताजी ने नारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा की नारी ही नर की खान है, उसके माध्यम से धुरव प्रहलाद समान संतान पैदा होती है, इसलिए नारियों को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाए। कार्यक्रम मे प्रदेश के सभी जिले से स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या मे शामिल हुए, कार्यक्रम मे विधायक कुंवर सिंह निषाद व पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू शामिल हुए। यहां कबीर पंथ के धर्माधिकारी सुधाकर साहेब, त्रिलोकी साहेब, सत्येंद्र साहिब एवं संत समाज के संतों से आशिर्वाद लिया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### डोटोपार में हुआ कवि सम्मेलन

**गुरूर।** डोटोपार मे कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोकर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संतोशी होरी लाल साहू, पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरूर भोजराम देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत हसदा धनंजय कुमारे नेवरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरपंच डोटोपार चन्द्रकला कलिहारी, जनपद सदस्य झालेन्द्र साहू, एकनाथ कलिहारी, चन्द्रहास साहू, शिवनारायण सहित समिति अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, समिति सचिव रविन्द्र तेलासी, सत्यभामा, शिवनारायण नेले, गुलाब साहू, चंद्रहास साहू, डॉ दीपक चंद्राकर एवं समस्त ग्रामवसी डोटोपार उपस्थित थे।

### रेंगाडबरी में विशाल हिंदू सम्मेलन 11 को

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के रेंगाडबरी में 11 जनवरी दिन



रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाजार चौक, रेंगाडबरी में संपन्न होगा। आयोजन सर्व हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, वनांचल क्षेत्र रेंगाडबरी द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा व चेतना प्रदान करना, साथ ही सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। सम्मेलन के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं सामुदायिक विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त होगा, जिनके मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने की अपेक्षा है। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालु भाइयों-बहनों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। सम्मेलन में जस झांकी पंडर, डोंगरगढ़ का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### घर के सामने से स्कूटी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी को पार कर दिया है। प्रार्थी की शितायकत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। मामला उतई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ग्राम गाडाडीह निवासी ट्रांसपोर्ट व्यापारी चित्रांशु साहू उम्र 24 वर्ष ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनके पिता दुलेन्द्र साहू ने दोपहर करीब 2 बजे घर के सामने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीटी 1865 को खड़ी कर घर अंदर गए थे। इस दौरान स्कूटी में चाबी लगी हुई थी। 15 मिनट बाद घर से बाहर निकलकर देखा तो स्कूटी गायब थी।

## घपला : कृषि विभाग से मिले आश्वासन के बावजूद एक साल से नहीं मिला मुआवजा

# सुर्रा के 24 किसान फसल बीमा मुआवजे के लिए भटक रहे, चना फसल का अंकुरण मात्र 40%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





- किसानों ने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई, जांच प्रतिवेदन अभी तक उपलब्ध नहीं

सेवा सहकारी समिति सुर्रा के 24 किसान बीते एक साल से फसल बीमा एवं मुआवजा की राशि के लिए भटक रहे है। पीड़ित किसान समिति से लेकर प्रदेश स्तर तक गुहार लगा चुके है, लेकिन मुआवजा नही मिला। सेवा सहकारी समिति सुर्रा मे कृषि विभाग के माध्यम से दिसंबर 2024 मे समिति के 24 किसानो को 44.45 क्विंटल चना प्रदान किया गया था, जिसकी कीमत 2,72,600 रूपये होती है। सभी प्रभावित किसान ग्राम सुर्रा के है। किसानों का आरोप है कि उनका चना का अंकुरण मात्र 40 प्रतिशत हुआ, जिससे उन्हे भारी आर्थिक क्षति हुई है, किसानो ने बताया कि उन्होने फसल बीमा भी कराया था। मामले में किसानो ने 1 जनवरी 2025 को ही कृषि विभाग को जानकारी दी गई थी मामले मे ग्रामीणो ने जब कोई सुनवाई नही हुई तब मई 2025 को समाधान शि भी आवेदन लगाया। जनप्रतिनिधियो को बताया, तब जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने मामले में जिला पंचायत एवं समाधान शिविरो में भी मामला उठाया एवं किसानो को मुआवजा देने की मांग की। मामले में सुर्रा समिति प्राधिकृत अधिकारी केवल सिंह चंदेल ने बताया कि प्रभावित कृशको की संख्या 24 है एवं जिन्हे 44.45 क्विंटल चना सेवा सहकारी समिति के माध्यम से वितरण किया था। उनका पूरा चना अंकुरण नही हो पाया। जिसकी सूचना वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुरूर को तत्काल आवेदन के माध्यम से 01 जनवरी 2025 को दिया गया। 07 जनवरी 2025 को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ए.डी.ओ मौके में चना का अंकुरण देखने पहुचे। 29 जनवरी 2025 को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विस्तार अधिकारी, एडीओ एवं एसएडीओ सभी मौके में पहुंचकर चना के अंकुरण के संबंध में जांच किया। जांच टीम ने अपने वरिष्ठ अधिकारी को तत्काल फोन के माध्यम से सूचना दिया गया।

### जांच प्रतिवेदन नहीं कराया गया उपलब्धः चंदेल

केवल सिंह चंदेल ने बताया कि 14 फरवरी 2025 को वैज्ञानिक, महेश मार्गिया एसएडीओ, एडीओ एवं ग्रामीण विस्तार अधिकारी सभी पुनः मौके मे पहुंचकर चना के अंकुरण के संबंध में जांच किया और बताया कि अंकुरण मात्र 40 प्रतिशत ही हुआ है। जांच उपरांत मौके पर पंचनामा तैयार किया। 25 मार्च 2025 को बालोद जिला एवं दुर्ग जिला के अधिकारीगण संयुक्त रूप से आए एवं कृशको से पूछताछ कर पंचनामा तैयार किये और अविलंब क्षतिपूर्ति के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्राधिकृत अधिकारी केवल सिंह चंदेल ने बताया कि जांच प्रतिवेदन की कापी मांगी गई थी, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध नही कराया गया, ना कृशको को एवं प्राधिकृत अधिकारी को कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित 24 कृषको में अमृत बाई, केवल सिंह, खिलेश्वर, गैंदलाल, गिरवार राम, चंद्रिका, दुखितराम, धनराज, परसराम, परसराम, पुहुपराम, बेना बाई, बिहारी राम, मनबोध सिंह, मनबोधी राम, मनसुख राम, युवराज, युवराज, रम्हन लाल साहू, रोहित कुमार, सुखबती, सत्यब्रत, सूर्यपाल, हेमलाल सम्मिलित है।

## शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल टटेंगा में बनी पोषण वाटिका



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में पोषण वाटिका का निर्माण किया गया। इस वाटिका में पालक, लाल भाजी, मेथी भाजी, गोभी, मिर्ची एवं धनिया जैसी साग-सब्जियों का रोपण किया गया है। पोषण वाटिका तैयार करने के पीछे शासन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पोषक तत्वों से भरपूर साग-सब्जी एवं फलों के सेवन को बढ़ावा देना है, जिससे उनके शरीर में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। यह पहल जागरूकता आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों में एनीमिया जैसी समस्या को दूर करने की शासन की परिकल्पना का हिस्सा है।

विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन ने पोषण वाटिका निर्माण में योगदान देने वाले विद्यार्थियों एवं प्रभारी की सराहना करते हुए कहा कि यह लोगों को प्रभावित एवं जागरूक करने का एक अच्छा माध्यम है। इससे सभी को कम खर्च में पोषक तत्वयुक्त फल एवं सब्जियां आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। यूथ एंड इको क्लब के प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि यह वाटिका पूर्णतः जैविक पद्धति से तैयार की गई है, जिसमें किसी भी प्रकार की रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने इसी जैविक प्रणाली को घरों एवं खेतों में अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थी लघु उद्योग के रूप में साल भर साग-सब्जी एवं फलों का उत्पादन कर सकते हैं और समाज के लिए उपयोगी बन सकते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सी.पी. सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव सहित विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आचरण से जीवन में होगा भगवान का अवतरण : पं. राजेश तिवारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- गैंजी में श्रीमद्भागवत कथा : भावपूर्ण प्रवचन से सराबोर हुआ गांव

विकासखंड के ग्राम गैंजी में सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित अध्यात्म से परिपूर्ण संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर मानस किंकर पं. राजेश तिवारी ने भावपूर्ण प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जब तक धर्म हमारे कर्म में प्रविष्ट नहीं होता, तब तक जीवन की यमुना में भगवान का पदार्पण संभव नहीं है। केवल धर्म की बातें करना या लंबी-चौड़ी चर्चाएं सुनना पर्याप्त नहीं है, धर्म का आचरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। पं. तिवारी ने भावात्मक उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे धर्म और कर्म यमुना के दो किनारे हैं, वैसे ही उन किनारों के बीच यमुना का जल अर्थात भक्ति की अश्रु धारा का प्रवाह अनिवार्य है। जब तक प्रेम और भक्ति से आंखों से आंसू नहीं बहते, तब तक परमात्मा का अवतरण जीवन में नहीं होता। भक्त जब गदगद होकर परमात्मा को पुकारता है, दर्शन के लिए व्याकुल होता है, तभी ईश्वर कृपा बरसती है। उन्होंने मथुरा को तन, देवकी को जिह्वा और वसुदेव को कंठ का प्रतीक बताते हुए कहा कि भगवान का नाम जब हमारे मुखारविंद से निकलता है, तभी जीवन में ईश्वर का अवतरण होता है।

किंतु परमात्मा का स्थायी निवास तन रूपी मथुरा में नहीं, बल्कि गोकुल रूपी मन में होता है, जहां प्रेम और भक्ति का वास है। मथुरा से गोकुल तक की यात्रा भी भक्ति की अविरल अश्रु धारा से ही संभव है।

**ये रहे उपस्थितः** इस ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान पंकज-सरस्वती सिन्हा, राममिलन-द्रौपती सिन्हा, अशोक-सुमन सिन्हा, कृपाराम-देवकुंवर सिन्हा, जगनलाल (स्व.) देवकीबाई सिन्हा, केवलराम-दीनवती सिन्हा, गजेंद्र-गीता सिन्हा, योगेश-कीर्ति सिन्हा तथा लोमेश-दीप्ती सिन्हा रहे। कथा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरा वातावरण भक्ति और अध्यात्म से सराबोर रहा।

## किलेपार झोफरा में दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



- रामायण और मानसगान से सांस्कृतिक संरक्षण और नई पीढ़ी में संस्कार का संदेश

किलेपार झोफरा में नवयुवक मित्र मंडल एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की।

इस दौरान विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन और मानस गान के जरिए आराध्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। आयोजकों द्वारा रामायण प्रतियोगिता कराकर रामायण का फैलाव जन-जन में हो तथा हमारी नईबच्चों में भी संस्कार आए इस दृष्टि से कार्यक्रम आयोजन किया जाता है। उन्होने कहा कार्यक्रम में शामिल होने पर बहुत ही अच्छा लगा और हमारी संस्कृति को रक्षित करने के लिए यह एक अच्छा साधन है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, सोना देवी देशलहरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, सागर साहू, सरपंच डिलेश्वर प्रसाद साहू, देवेंद्र साहू, लाल सिंह साहू, शंभू कैलाश यादव, शत्रुघ्न साहू, पंचू राम साहू, पंच राजकुमारी बाई साहू सहित पंचगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधवा कर्मी की बर्खास्तगी पर उठा सवाल विधायक संगीता के हस्तक्षेप से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नगर पालिका परिषद ने एक विधवा कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया। महिला कर्मचारी महिनो से पुनः नियुक्ति के लिए भटकती रही। कर्मचारी ने नगर पालिका अधिकारी व कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई। कही सुनवाई नही हुई तब विधायक से निवेदन किया। तब विधायक के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित महिला कर्मचारी को पुनः नियुक्ति किया गया।

मामला नगर पालिका मे पधवा महिला कर्मचारी वनिता यादव को काम से निकाले जाने का था। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला कर्मचारी की नगर पालिका में काम में लापरवाही के आरोप मे काम से पृथक कर दिया था, महिला की एक बेटी है। महिला के घर में महिला एवं उसकी बेटी दो ही प्राणी रहते है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला कर्मी को कार्य से पृथक करने के बाद महिला ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया। कलेक्टर जनदर्शन मे गुहार लगाई, लेकिन कही सुनवाई नही हुई, तब विधायक संगीता सिन्हा के दरबार में पहुंचकर अपनी आप बीती बताई।

### इस प्रकार से कार्य से निकालना अमानवीयः सिन्हा

विधायक संगीता सिन्हा ने बताया नगर पालिका द्वारा नियम विरूद्व पीड़ित महिला से नगर पालिका से बाहर नगर पालिका अध्यक्ष के घर में कार्य कराया जा रहा था। उससे निर्धारित समय से पहले एवं समय के बाद भी कार्य कराया जाता था, पीड़ित महिला ने रात्रि में जब अपनी बेटी के घर में अकेले होने के कारण देर रात्रि तक कार्य करने से मना कर दिया तो उसे कार्य से निकाल दिया गया। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा शासन काल में भाजपा नेता निरंकुश हो गए है, मनमानी कर रहे है।

एक विधवा महिला का शोषण कर रहे है। एक मां की पीड़ा को नही समझ रहे है, एवं उसे इस प्रकार से कार्य से निकालना अमानवीय कृत्य है। संगीता सिन्हा ने कहा पीड़ित महिला मेरे पास आई थी, अपनी दुख भरी घटना की जानकारी दी, तब मैने सीएमओ से चर्चा कर उस पीड़ित महिला को पुनः कार्य पर रखने कहा, तब महिला को पुनः कार्य पर रखा गया। संगीता सिन्हा ने कहा मामले को मै विधानसभा मे भी उठाउंगी एवं पीड़ित शोषित लोगों के हक मे यदि आवश्यकता पड़ी तो सड़क की लड़ाई भी लड़ी जाएगी।

## डौंडी में व्यवहार न्यायालय की मांग ने लिया जनआंदोलन का रूप

### व्यापारी संघ व नगरवासियों की संयुक्त बैठक, चिखलाकसा से स्थान परिवर्तन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- सकारात्मक निर्णय नहीं तो चक्काजाम सहित उग्र आंदोलन की चेतावनी

आदिवासी बहुल डौंडी ब्लॉक मुख्यालय में वर्षों से लंबित व्यवहार न्यायालय की स्थापना की मांग अब व्यापक जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को व्यापारी संघ डौंडी एवं नगरवासियों की संयुक्त बैठक जमींदारीन मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में तिलक दुबे, सुनील ठाकुर, राजेंद्र मानकर, खिलेंद्र भूआर्य, जीवन धनकर, सुनील राठौर ,जगत यादव सहित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि चिखलाकसा में प्रस्तावित व्यवहार न्यायालय का स्थान परिवर्तन कर उसे तहसील मुख्यालय डौंडी में स्थापित किया जाना चाहिए।

वक्ताओं ने तर्क दिया कि डौंडी एक आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय है, जहां तहसील कार्यालय की स्थापना के लिए भी आम नागरिकों को वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। एसडीएम कार्यालय का भवन निर्माणाधीन है, लेकिन उसका सेटअप अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। वक्ताओं ने कहा कि बालोद जिले के लगभग सभी ब्लॉक मुख्यालयों में व्यवहार न्यायालय स्थापित हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश ब्लॉक मुख्यालय डौंडी को इससे वंचित रखते हुए चिखलाकसा में व्यवहार न्यायालय बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसे डौंडी नगरवासी, व्यापारी संघ एवं डौंडी ब्लॉक सरपंच संघ ने डौंडी के साथ अन्याय करार दिया है।

### न्यायालय का निर्माण ब्लॉक मुख्यालय में होः दुबे

व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे ने बताया कि स्थिति और भी विवादास्पद तब हो गई जब व्यवहार न्यायालय का टेंडर चिखलाकसा के नाम से नहीं, बल्कि दल्ली राजहरा के नाम से जारी किया गया। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय का निर्माण ब्लॉक मुख्यालय में ही होना चाहिए और डौंडी इसका पूर्ण हकदार है। इस मांग को लेकर पूर्व में उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व व्यापारी संघ एवं सरपंच संघ द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर कलेक्टर ने जिला सत्र न्यायाधीश से मुलाकात की सलाह दी। इसके तहत शुक्रवार को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिला सत्र न्यायालय में पत्र व्यवहार कर डौंडी में व्यवहार न्यायालय स्थापना की मांग रखेगा। इसके पश्चात हाईकोर्ट, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल तक भी तीन दिनों के भीतर अपनी बात रखी जाएगी।

**सकारात्मक निर्णय नहीं तो आंदोलन करने को होंगे मजबूरः व्यापारी संघः** व्यापारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो डौंडी ब्लॉक सरपंच संघ, व्यापारी संघ एवं नगरवासी मिलकर उग्र जनआंदोलन, यहां तक कि चक्काजाम जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। उल्लेखनीय है कि डौंडी ब्लॉक को 20-25 वर्ष पूर्व तहसील का दर्जा मिल चुका है, इसके बावजूद आज तक न तो रजिस्ट्रार कार्यालय की स्थापना हो पाई है और न ही व्यवहार न्यायालय संचालित हो सका है। जिले का एकमात्र आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय आज भी मूलभूत न्यायिक सुविधाओं से वंचित है, जो गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

### सशक्त एप की मदद से पकड़ा गया बाइक चोर

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने सशक्त एप की मदद से एक बाइक चोर को पकड़ा है। आरोपी नूतन चौक भिलाई तीन निवासी 35 वर्षीय गजेन्द्र पटेल ने मड़ई घूमने की शौक पूरी करने बाइक चोरी की थी। धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अपनी बाइक सीजी 07 बीवाय 9227 ग्लैमर अपने मकान के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था। दोपहर करीबन 3.30 बजे वापस आकर देखा तो बाइक नहीं था। पुलिस द्वारा अपराध

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## दो दिवसीय भव्य संगीतमय कबीर सत्संग आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कसही (डौंडीलोहारा) में 10 एवं 11 जनवरी शनिवार,रविवार को दो दिवसीय भव्य संगीतमय कबीर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन के मुख्य प्रवक्ता आचार्य रतन स्वरूप शास्त्री जी (जीवन ज्योति केंद्र, पूर्णिया बिहार) होंगे। वहीं संत कोमल साहेब जी (कबीर आश्रम, संकरी छत्तीसगढ़) का भी सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में भजन-संगीत की प्रस्तुति आदरणीय संत श्री राजू परदेशी जी (भक्ति चैनल, पूर्णिया बिहार) द्वारा दी जाएगी।

आयोजन का दायित्व पारख महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासी कसही द्वारा संयुक्त रूप से निभाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन का 20वां वर्ष है। विगत वर्षों में देश के विभिन्न प्रांतों से ख्यातिलब्ध कबीर संतों का सत्संग ग्रामवासियों को प्राप्त हुआ है। इनमें बिहार, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, नेपाल एवं छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के कबीर आश्रमों एवं संतों के सत्संग प्रमुख रहे हैं। वर्ष 2024 एवं 2025 में लगातार संत रंजीत साहेब (कबीर साधना मंदिर, मिथिलेश्वर बड़ाबाग, जमुई बिहार) का सत्संग भी संपन्न हुआ। सत्संग में संत कबीर साहेब के विचारों कर्मकांड, रूढ़िवाद, अंधविश्वास, पाखंडवाद, जातिवाद एवं भेदभाव के विरोध पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा।

### आज भी प्रासंगिक है संत कबीर साहेब का संदेशः आयोजक

आयोजकों का कहना है कि संत कबीर साहेब सत्य के पुजारी, यथार्थवादी एवं समाज सुधारक संत थे, जिनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। आयोजन समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं में कृपाराम साहू, महावीर साहू, धनश्याम साहू, चंवरसिंह सोरी, भानुदेवदास कोरटिया सहित पारख महिला मंडल के सभी सदस्य शामिल हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)